भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# प्रैस विज्ञप्ति

**27/05/2024 अखिल भारतीय**

दिनाँक - 27 मई, 2024

एनएसई कोड:- LICI बीएसई कोड:- 543526

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए प्रदर्शन (वित्तीय वर्ष2024)

- कर पश्चात लाभ 40,676 करोड रुपए
- सहभागी पॉलिसीधारकों को **52,956** करोड़ रुपये का बोनस
- बोर्ड पूर्व घोषित 4/- रुपये के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त, 6/- रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश करता है
- व्यक्तिगत व्यवसाय में नॉन-पार एपीई की हिस्सेदारी 943 बीपीएस बढ़कर 18.32% हो गई।
- नॉन-पार एपीई 104.94 % से बढ़कर 7,041 करोड़ रुपए हुआ।
- इंडियन एंबेडेड वैल्यू (आईईवी) 24.92% से बढ़कर 7,27,344 करोड़ रुपए हो गई
- एयूएम 16.48 % की बढ़त के साथ 51,21,887 करोड़ रुपए हुआ
- नव व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) 4.66% की बढ़त के साथ 9583 करोड़ रुपए हुआ।
- वीएनबी मार्जिन(शुद्ध) 60 बीपीएस बढ़कर 16.8% हुआ
- सॉल्वेंसी अनुपात 1.87 से बढ़कर 1.98 हुआ

**27 मई 2024, मुंबई: भारतीय जीवन बीमा निगम ("एलआईसी") के निदेशक बोर्ड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए अनुमोदित और स्वीकृत स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। नीचे हमारे स्टैंडअलोन परिणामों की मुख्य विशेषताएँ दी गई हैं।**

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष हेतु कर पश्चात लाभ 36,397 करोड़ रूपए की तुलना में 31 वर्ष, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कर पश्चात लाभ (पीएटी) 40,676 करोड़ रुपये था। निगम ने गैर भागीदारी पालिसीधारको के खाते से शेयरधारकों के खाते मे उपलब्ध सालवेन्सी मार्जिन पर अभिवृद्धि (कर के बाद) के हस्तांतरण के संबंध में सितंबर 2022 में अपनी लेखांकन नीति में बदलाव किया था और तदानुसार वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 27,240.75 करोड़ रुपये शुद्ध राशि हस्तांतरित की थी, जिसमें 31/03/2022 को समाप्त तिमाही से संबधित 4,542.31 करोड़ रुपये शामिल है, की तुलना में वित्त वर्ष 2023-2024 में 29,518.75 करोड़ रुपय(कर पश्चात) हस्तांतरित की गई।

निदेशक मंडल ने शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 6/- रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की। इससे पहले, वर्ष के दौरान निगम के शेयरधारकों को 4/- रुपये का अंतरिम लाभांश घोषित किया गया था और भुगतान किया गया था। इसलिए अंतरिम और अनुशंसित अंतिम लाभांश का कुल योग 10/- रुपये प्रति शेयर है।

प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) के आधार पर बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, एलआईसी 58.87% की समग्र बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी के मामले में बाजार में अग्रणी बनी हुई है। 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए, एलआईसी की व्यक्तिगत व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी 38.44% और समूह व्यवसाय में 72.30% थी।

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कुल प्रीमियम आय रु. 4,75,070 करोड़ रु. की तुलना में 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए 4,74,005 करोड़ थी। 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की तुलनीय अवधि के लिए 2,92,763 करोड़ रुपए से बढ़कर 3,03,768 करोड़ रुपये हो गया। 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए समूह व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के 1,81,242 करोड़ रुपये की तुलना में 1,71,302 करोड़ रुपये थी।

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान व्यक्तिगत सेगमेंट में कुल 2,03,92,973 पॉलिसियाँ बेची गईं, जबकि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान 2,04,28,937 पॉलिसियाँ बेची गईं।

वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई) आधार पर, 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कुल प्रीमियम 56,970 करोड़ रुपये था। इसमें से 67.46% (38,433 करोड़ रुपये) व्यक्तिगत व्यवसाय और 32.54% (18,537 करोड़ रुपये) समूह व्यवसाय का था। व्यक्तिगत व्यवसाय के अंतर्गत एपीई आधार पर पार उत्पादों का हिस्सा 81.68% (31,392 करोड़ रुपये) था और शेष 18.32% (7,041 करोड़ रुपये) नॉन पार उत्पादों के कारण था। नॉन-पार एपीई 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए 3,436 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 7,041 करोड़ रुपये हो गया है, जो 104.94% की वृद्धि दर्ज करता है। इसलिए, एपीई के आधार पर, व्यक्तिगत व्यवसाय में हमारी नॉन-पार हिस्सेदारी, जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए 8.89% थी, 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 18.32% हो गई है।

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए 9,156 करोड़ रुपये की तुलना में 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए नए व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) 9,583 करोड़ रुपये था, जिसमे 4.66% की वृद्धि दर्ज की गई। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए शुद्ध वीएनबी मार्जिन 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के 16.20% की तुलना में 60 बीपीएस बढ़कर 16.80% हो गया।

31 मार्च 2024 को सॉल्वेंसी अनुपात 31 मार्च 2023 के 1.87 के मुकाबले बढ़कर 1.98 हो गया।

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष हेतु, 13वें महीने और 61वें महीने के लिए प्रीमियम आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 77.66% और 60.88% था। 31 मार्च 2023 को समाप्त संबंधित वर्ष के लिए तुलनीय स्थायित्व अनुपात क्रमशः 77.09% और 61.80% थे।

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष हेतु, 13वें महीने और 61वें महीने के लिए पॉलिसियों की संख्या के आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 66.99% और 48.59% था। 31 मार्च, 2023 को समाप्त इसी अवधि के लिए तुलनीय स्थायित्व अनुपात क्रमशः 64.28% और 49.86% थे।

प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियाँ (एयूएम) 31 मार्च 2024 को बढ़कर 51,21,887 करोड़ रुपये हो गई, जबकि 31 मार्च 2023 को 43,97,205 करोड़ रुपये थी, जिसमे साल दर साल 16.48% की वृद्धि दर्ज की गई।

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कुल व्यय अनुपात 15.57% था, जबकि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए यह 15.53% था।

पॉलिसीधारकों के धन के निवेश पर अप्राप्त लाभों को छोड़कर प्रतिफल 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 8.93% था, जबकि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए यह 8.29% थी।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सहभागी पॉलिसी धारकों को आवंटित बोनस की राशि 52,955.87 करोड़ रुपये थी, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए यह 49,439.56 करोड़ रुपये थी।

**भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ महान्ति ने कहा –** "पिछले वर्ष के दौरान हमने अपने बेहतर उत्पाद मिश्रण में दिशात्मक बदलाव किए है और साथ ही व्यवसाय में मार्जिन बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है। हमने अपने व्यक्तिगत व्यवसाय के अंतर्गत नानपार व्यवसाय में अपनी हिस्सेदारी दोगुनी से भी अधिक कर ली है। - अब हम अपनी बाजार हिस्सेदारी को सभी श्रेणियों में अधिकतम करने के लिए अपने रणनीतिक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही पूर्व की भांति हम इस वर्ष में भी अपने सभी हितधारकों के लिए बेहतर मूल्य अर्जित करने वाले विभिन्न मापदंडों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। हम निगम के उत्पाद वितरण के चैनल और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण व उपयोगी कदम उठा रहे हैं। हमें विश्वास है कि हमारे कर्मचारी, अभिकर्ता और हमारे चैनल भागीदार इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हम इस वित्तीय वर्ष में भी निगम की वित्तीय सुदृढ़ता के उच्चतम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## प्रमुख प्रचालन और वित्तीय मेट्रिक्स:

| क्र० स० | विवरण | वित्त वर्ष 2024 (करोड़ रूपए) | वित्त वर्ष 2023 (करोड़ रूपए) | वर्ष दर वर्ष वृद्धि प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लाभ कर के भुगतान के पश्चात (पीएटी)* | 40,676 | 36,397 | * नीचे नोट देखे |
| 2. | कुल नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) | 57,716 | 58,757 | (1.77%) |
| 3. | नवीकरण प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 2,46,052 | 2,34,006 | 5.15% |
| 4. | कुल प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 3,03,768 | 2,92,763 | 3.76% |
| 5. | कुल समूह व्यवसाय प्रीमियम | 1,71,302 | 1,81,242 | (5.48%) |
| 6. | कुल प्रीमियम आय | 4,75,070 | 4,74,005 | 0.22% |
| 7. | बेची गई पॉलिसियों की संख्या(व्यक्तिगत) | 2,03,92,973 | 2,04,28,937 | (0.18%) |
| 8. | इंडियन एंबेडेड वैल्यू | 7,27,344 | 5,82,243 | 24.92% |
| 9. | नव व्यवसाय का मूल्य (शुद्ध) | 9,583 | 9,156 | 4.66% |
| 10. | प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियाँ | 51,21,887 | 43,97,205 | 16.48% |
| 11. | वीएनबी मार्जिन(शुद्ध) | 16.8% | 16.2% | 60 बीपीएस की बढ़ोत्तरी |
| 12. | कुल व्यय अनुपात | 15.57% | 15.53% | 4 बीपीएस की बढ़ोत्तरी |
| 13. | सॉल्वेंसी अनुपात | 1.98 | 1.87 | |
| 14. | 13 माह/ 61 माह स्थायित्व (प्रीमियम आधार पर) | 77.66% / 60.88% | 77.09% / 61.80% | |
| 15. | 13 माह/ 61 माह स्थायित्व (पॉलिसियों की संख्या के आधार पर) | 66.99% / 48.59% | 64.28% / 49.86% | |
| 16. | व्यक्तिगत व्यापार एपीई | 38,433 | 38,667 | (0.61%) |
| 17. | समूह व्यवसाय एपीई | 18,537 | 18,015 | 2.90% |
| 18. | कुल एपीई (व्यक्तिगत+समूह) | 56,970 | 56,682 | 0.51% |
| 19. | व्यक्तिगत एपीई उत्पाद मिश्रण (%) (पार/ | 81.68% / 18.32% | 91.11% / 8.89% | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | संबद्ध सहित नॉन पार) | | | |

*निगम ने गैर भागीदारी पालिसीधारको के खाते से शेयरधारकों के खाते मे उपलब्ध सालवेन्सी मार्जिन पर अभिवृद्धि (कर के बाद) के हस्तांतरण के संबंध  में सितंबर 2022 में अपनी लेखांकन नीति में बदलाव किया था और तदानुसार वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 27,240.75 करोड़ रुपये शुद्ध राशि हस्तांतरित की थी, जिसमें 31/03/2022 को समाप्त तिमाही से संबधित 4,542.31 करोड़ रुपये शामिल है, की तुलना में वित्त वर्ष 2023-2024 में 29,518.75 करोड़ रुपय(कर पश्चात) हस्तांतरित की गई।

**वित्तीय स्थिति पर विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम और स्टॉक एक्सचेंजों और निगम की वेबसाइटों पर अपलोड किए गए नोट्स देखें।

**27 मई 2024 को मुंबई में दिनांकित**

अधिक जानकारी के संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)

भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई ईमेल :ed_cc@licindia.com

www.licindia.in पर विजिट करें

---

हमें विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में दी गई जानकारी आपके पाठकों हेतु मूल्यवान होगी।

हम आपको इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देंगे, हम यह भी स्वीकार करेंगे कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर करता है।